

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

शहीद की पत्नी को बनाया डिप्टी एसपी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 43 ■ अंक : 45 ■ गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# ठाणे जिले के 37 पर्यटक कश्मीर में फंसे

## मदद के लिए सांसद श्रीकांत शिंदे के स्वीय सहायक अभिजीत दरेकर पहुंचे श्रीनगर

### जिला प्रशासन सक्रिय

**कल्याण.** ठाणे जिले के 40 लोग पर्यटन के लिए कश्मीर गए थे। इनमें से डोंबिवली के तीन पर्यटकों की मौत हो गई है और 37 अन्य फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि ये पर्यटक सुरक्षित हैं।

मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर कायराना हमला किया। आतंकवादी गोलीबारी में कई पर्यटक मारे गए हैं। इसमें महाराष्ट्र के पर्यटक भी शामिल हैं। ठाणे जिले से चालीस पर्यटक कश्मीर घूमने गए थे। इस हमले में डोंबिवली शहर के नवापाड़ा, पांडुरंग वाडी और नांदिवली इलाकों के निवासी हेमंत जोशी, संजय लेले और अतुल मोने की मौत हो गई। इस प्रकार 37 पर्यटक सुरक्षित हैं। पर्यटकों में कुछ छोटे बच्चे भी हैं।

### जिला प्रशासन का ध्यान

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी और जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे जाति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है।

### जिला प्रशासन की अपील

इस पृष्ठभूमि में जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है। प्रशासन ने जिले के जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में 24 घंटे आपातकालीन नियंत्रण कक्ष एवं हेल्पलाइन स्थापित की गई है। इस कक्ष के माध्यम से पर्यटक किसी भी समय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यदि उन्हें कोई समस्या आती है या आपातकालीन स्थिति होती है तो वे निम्नलिखित नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी है:**

**टेलीफोन नंबर : 0194-2483651, 0194-2457543, व्हाट्सएप नंबर : 7780805144, 7780938397।**

किसी भी व्यक्ति या आपके जानने वाले किसी भी व्यक्ति से अपील की है कि जो पहलगाम में है, वह तुरंत जिला प्रशासन को 9372338827 / 7304673105 पर सूचित करें। इसी प्रकार, श्रीनगर में पर्यटकों के लिए 24x7 हेल्पलाइन शुरू की गई है तथा





आतंकी हमले में मारे गए डोंबिवली के संजय लेले, हेमंत जोशी और अतुल मोने के पार्थिव शरीर को पहले कुछ देर के लिए उनके आवास पर ले जाया जाएगा। वहां उनके परिवार और रिश्तेदारों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, पार्थिव शरीर को जनता के अंतिम दर्शन के लिए डोंबिवली पश्चिम के भागशाला मैदान में रखा गया. सासंद डॉ. श्रीकांत शिंदे शहीदों को श्रदांजिल देते हुए.

### पर्यटकों के नाम इस प्रकार हैं:

अनुष्का मोने (35), ऋचा मोने (18), मोनिका जोशी (45), ध्रुव जोशी (16), कविता लेले (46), हर्षल लेले (20), भुषण अशोक गोळे (39), ज्योती अशोक गोळे (36), आरव भुषण गोळे (8), विनोद विश्वास गोळे (41), माधुरी विनोद गोळे (41), विहान विनोद गोळे (11), स्वाती विश्वास गोळे (36), अतुल प्रकाश सोनवणे (42), प्रियंका अतुल सोनवणे (34), अनन्या अतुल सोनवणे (12), अर्णव अतुल सोनवणे (8), नंदकुमार म्हात्रे (65), निलिमा म्हात्रे (65), निशांक म्हात्रे (31), प्रमदा पाटील (30), सुजन पाटील (63), आशा पाटील (60), नेहा ठाकूर (35), मनोज ठाकूर (39), विहान ठाकूर (07), संजय म्हात्रे (58), स्वाती म्हात्रे (49), नेत्रा भूषण पांगेरकर (37), भूषण इंद्रनाथ पांगेरकर (40), इंद्रायणी इंद्रनाथ पांगेरकर (65), श्लोक भूषण पांगेरकर (12), विहान देवेन ढोलम (05), गौरव सांगळे (37), दिपाली सांगळे (35), स्वाती सांगळे (40), वेद सांगळे (07), शुभ क्षीरसागर (10), मनाली प्रणय ठाकूर (28), प्रणय ठाकूर (29).

## हमले में डोंबिवली के 3 लोगों की मौत

■ **एक बच्चा घायल**





**कल्याण.** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अपने परिवार के साथ घूमने गए तीन लोगों की आतंकवादी हमले में मौत हो गई। इस परिवार का एक बच्चा उंगली में गोली लगने से घायल हो गया। हमले में मारे गए लोगों के नाम संजय लेले (44), अतुल मोने (52) और हेमंत जोशी हैं। संजय लेले के बेटे हर्षल की उंगली में गोली छूकर निकल गई. इसके कारण वह भी घायल हो गया है। अतुल मोने डोंबिवली पश्चिम के ठाकुरवाड़ी इलाके में रहते हैं। मोहन अपनी पत्नी और बेटी के साथ पर्यटन के लिए पहलगाम गए थे। अतुल मोने मध्य रेलवे के परेल वर्कशॉप में डिवीजनल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। डोंबिवली में रहने वाले हेमंत जोशी और संजय लेले भी अतुल मोने के साथ एक समूह के साथ पहलगाम गए थे। वह भी आतंकवादी हमले में मारे गये।

संजय लेले डोंबिवली पश्चिम में महात्मा फुले रोड पर जाधववाड़ी इलाके में रहते थे। उनका वहां एक बंगला था। इससे पहले यह परिवार उसी क्षेत्र के लेले वाडा में संयुक्त परिवार के रूप में रहता था। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने मृतकों के परिवारों से संपर्क किया है और उनके लिए पहलगाम जाने तथा वहां आवश्यक सहायता एवं संचार की व्यवस्था की है। शिव सेना उप जिला प्रमुख राजेश कदम, सांसद श्रीकांत शिंदे और सागर जेधे भी इसी तरह का समर्थन प्रदान कर रहे हैं।





कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध अंबरनाथ शिवसेना शिंदे गुट द्वारा शिवाजी चौक पर जाहिर निषेध व्यक्त किया गया। इसी तरह उल्हासनगर में भी शिवाजी चौक पर सकल हिंदु समाज द्वारा जाहीर निषेध प्रकट किया।

## पनवेलकर फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार





दोनों बाइक सवार पुलिस की गिरफ्त में

- मुख्य आरोपी जितेंद्र पवार लोनावला से पकड़ा गया
- फेसबुक पर किया था पुलिस को चैलेंज
- कहा था मुझे पकड़ा तो एक लाख इनाम दूंगा
- उद्योगपति विश्वनाथ पनवेलकर के घर के बाहर हुई थी फायरिंग

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के उद्योगपति विश्वनाथ पनवेलकर के



घर पर गोलीबारी करने वाला मुख्य आरोपी जितेंद्र पवार उर्फ टायगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उसे लोनावला से गिरफ्तार किया गया है. विदित हो कि जितेंद्र पवार ने फायरिंग करने के बाद फेसबुक पोस्ट करके पुलिस को खुला चैलेंज किया था कि उसे पकड़ने वाले को वह एक लाख रुपए इनाम में देगा. पुलिस ने भी उसके चैलेंज को कबूल करते हुए 2 दिनों के भीतर की उसे गिरफ्तार कर लिया है.

### अब होगा फाय़रिंग के कारणों का खुलासा...



आरोपी पवार के पकड़े जाने से अब ये खुलासा होगा कि उसने विश्वनाथ पनवेलकर के घर पर फायरिंग क्यों की? फायरिंग करने के लिए उसे किसी ने सुपारी तो नहीं दी थी. पनवेलकर ने भी उन पर फायरिंग कराने का आरोप बदलापुर के विधायक लगाते हुए कुछ लोगों के नाम लिए थे. जितेंद्र पवार के पकड़े जाने के बाद ये खुलासा हो जाएगा कि असली माजरा क्या है. फायरिंग की रात में ही क्राइम ब्रांच ने वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक को राहुल नगर के पास से बरामद कर लिया था. एक आरोपी खालिद शेख को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर लिया था. अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेष काले ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी जितेंद्र पवार को न्यायालय में पेश करके उसे रिमांड पर लिया जाएगा. फायरिंग मामले में पुलिस विभाग व क्राइम ब्रांच ने जिस तेजी से कार्य करते हुए दो दिनों के भीतर कुख्यात गुंडे को पकड़ा है, उसकी प्रशंसा की जा रही है.

## बुवापाड़ा में करंट लगने से बच्चे की मौत



■ **महावितरण पर लगा लापरवाही का आरोप**

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ महावितरण की लापरवारी के कारण बुवापाड़ा में एक 12 वर्षीय लड़के की हाईटेंशन वायर का करंट लगने से मौत हो गई. बच्चे का नाम अंश यादव बताया गया है. अंश बॉल से खेल रहा था कि बॉल एक घर की छत पर चला गया. वह बॉल लेने के लिए छत पर चढ़ा और छत पर पोल लाइन की लटकती नंगी तार को उसने छू लिया. छत पर ही उसकी मौत हो गई. रात तक जब वह घर नहीं आया तो घरवालों ने उसे ढूंढना शुरू किया. सोशल मीडिया पर किसी ने पोस्ट कर दिया कि ये बच्चा गुम हो गया है. आखिर में घरवालों को मालूम पड़ा कि



बच्चा पड़ोस के घर के छत पर मरा पड़ा है. उसके हाथ और पैर करंट लगने से जल चुके थे.

स्थानीय पूर्व नगरसेवक और यहां कि निवासिसों ने महावितरण से पोल वायर के लटकने की शिकायत की थी. आखिर तक सुनवाई नहीं हुई. महावितरण की लापरवाही से अंश की जान गई, ऐसा यहां के लोगों का कहना है.

## उल्हासनगर में 24 घंटे पानी बंद

**उल्हासनगर,** मनपा ने उल्हासनगर में 24 घंटे का पानी बंद करने की घोषणा की है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) ने जांभुल जल उपचार संयंत्र और बारवी ग्रेविटी वेसल के रखरखाव और मरम्मत का काम अपने हाथ में ले लिया है। इसलिए, 24 तारीख गुरुवार को मध्य रात्रि 12 बजे से 25 तारीख शुक्रवार को मध्य रात्रि 12 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी जलापूर्ति विभाग के उपायुक्त अनंत जावदवार ने दी है।

इस बंद के कारण, कैंप नंबर 3 से 5 के कुछ क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। अनंत जवादवार



ने पानी का दुरुपयोग न करने, पानी बचाने और मनपा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है, क्योंकि इसके बाद कम दबाव और कम मात्रा में पानी की आपूर्ति होने की संभावना है।

इस बीच, उल्हास नदी से पानी पंप करके म्हारल जल शोधन केंद्र से शहर के पश्चिम और पूर्व में स्थित कैंप 4 के नागरिकों तक वितरित किया जा रहा है। हालाँकि, उल्हास नदी में बड़ी मात्रा में जलीय वनस्पति उग आई है। चूंकि जलकुंभी के पौधे को यांत्रिक रूप से हटाया जा रहा है, इसलिए जलकुंभी की जड़ों में तलछट के कारण पानी पीला दिख रहा है और हल्की गंध आ रही है। एमआईडीसी म्हारल जल शुद्धिकरण केंद्र में पानी में क्लोरीन की सही मात्रा बनाए रखते हुए पानी को शुद्ध किया जा रहा है।

चूंकि पानी का रंग अभी भी पीला है, इसलिए नागरिकों को घबराना नहीं चाहिए और पानी को छानकर और उबालकर सावधानी बरतनी चाहिए और मनपा के साथ सहयोग करना चाहिए, ऐसा आह्वान जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक घुले ने किया है.

## अंबरनाथ दर्गा सड़क पर लगे अवैध स्टॉल हटाने की मांग

■ **शुक्रवार बाजार को भी सड़क से हटाने की मांग प्रहार पक्ष ने नपा से की**

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ गैबनशाह बाबा दर्गा सड़क पर अैवध रूप से लगाई गई खाद्य पदार्थ की टपरियां, स्टॉल और हाथगाड़ी को हटाने की मांग प्रहार जनशक्ति पक्ष के अध्यक्ष आलम खान ने नपा मुख्याधिकारी एवं अतिक्रमण विभाग से की है. उन्होंने पत्र देकर कहा है कि यहां पर शुक्रवार का बाजार भी लगता है जो कि सड़क के बीच तक आ जाता है. फादर एग्नल स्कूल एवं फायर ब्रिगेड कार्यालय तक भाजी मार्केट लगने से फायर ब्रिगेड के वाहन एवं स्कूल की बसों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है. ट्रैफिक जाम हो जाता है. सड़क के आसपास लगी टपरियों एवं स्टॉल को ईद के दो दिन पहले अतिक्रमण विभाग ने हटा दिया था. ये अवैध टपरियां फिर से यहां पर लगा दी गई हैं. इन अवैध टपरियों को हमेशा के लिए हटाने की मांग आलम खान ने की है. उनका ये भी कहना है कि शुक्रवार बाजा सड़क के पास के मैदान तक लगे तो कोई बात नहीं, लेकिन ये बाजार अब सड़क पर आ गया है. जिसके कारण लोग परेशान हैं. उन्होंने ये भी आरोप लगाया है कि इन बाजार वालों से नपा के कुछ कर्मचारी रकम वसूल करते हैं. ये सब बंद होना चाहिए, नहीं तो वह नपा कार्यालय के समक्ष आंदोलन छेड़ देंगे.

## उल्हास नदी चौपाटी पर पसरा अंधेरा



- स्ट्रीट लाइटें हो चुकी हैं खराब
- शराबी और आवारा लोग कर रहे दुरुपयोग

**बदलापुर.** बदलापुर शहर की पहचान उल्हास नदी और वहां की चहल-पहल वाली चौपाटी कई दिनों से अंधेरे में है। यहां लगी स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण नागरिकों को अंधेरे में चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। नागरिकों ने यह भी शिकायत की है कि अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी और आवारा लोग इस स्थान पर जमा हो जाते हैं।

कुछ साल पहले पश्चिमी बदलापुर में उल्हास नदी के तट पर एक चौपाटी बनाई गई थी। यहां आने वाले नागरिकों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। बदलापुर के लोग स्वच्छ, सुंदर हवा और साफ बहते पानी का आनंद लेने के लिए सुबह और शाम को आते हैं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग यहां इकट्ठा होते हैं। यह चौक पिछले कुछ दिनों से अंधेरे में है। चूंकि चौक पर लाइटें बंद हैं, इसलिए शाम के बाद अंधेरा हो जाता है। अंधेरे के कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नागरिकों की मांग है कि इन लाइटों की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए और चौपाटी को एक बार फिर से रोशन किया जाए।

इस बीच, इस अंधेरे का फायदा उठाकर पिछले कुछ दिनों से चौपाटी पर शराबियों और आवारा लोगों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। उल्हास नदी के दूसरी ओर अश्वारूढ़ छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा और एक बैठक दीर्घा है, जहां रोशनी होने के कारण नागरिक उमड़ रहे हैं।

## उल्हास नदी को पुनर्जीवित करने KDMC तैयार करेगी DPR

■ **आयुक्त अभिनव गोयल ने उल्हास नदी सहित नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण किया**

**कल्याण.** केडीएमसी प्रशासन ने पिछले कई वर्षों से चर्चा का विषय रहे उल्हास नदी प्रदूषण के मुद्दे पर अंततः गंभीर कदम उठाने का निर्णय लिया है। कल्याण डोंबिवली निवासियों की प्यास बुझाने वाली इस नदी को पुनर्जीवित करने के लिए केडीएमसी द्वारा एक डीपीआर तैयार किया जाएगा। यह जानकारी केडीएमसी के नए आयुक्त अभिनव गोयल ने दी।

आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर अभिनव गोयल ने क्षेत्र में उल्हास नदी से जलभराव हटाने और प्रमुख नालों की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। उस समय उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कल्याण-डोंबिवली में नालों की सफाई तत्काल शुरू करने के साथ-साथ उल्हास नदी में प्रदूषण रोकने के उपाय करने के भी निर्देश दिए थे। घरेलू अपशिष्ट जल के साथ-साथ औद्योगिक कंपनियों से निकलने वाला रसायन युक्त पानी भी बिना किसी उपचार के उल्हास नदी में छोड़ा जा रहा है। परिणामस्वरूप, नदी भी भारी मात्रा



में प्रदूषित हो रही है, जिससे जलीय पौधों की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मनपा आयुक्त अभिनव गोयल ने इस दृष्टिकोण से उल्हास नदी के पुनरूद्धार की योजना बनाने के निर्देश दिए। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वर्तमान में उल्हास नदी से जलभराव हटाने पर काम कर रहा है। आयुक्त ने मोहने और गालेगांव में उल्हास नदी में मिलने वाले नालों सहित जलभराव को हटाने के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उल्हास नदी के पुनरुद्धार के संबंध में आगे कदम उठाने के लिए यथाशीघ्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएगी।

इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ वार्ड 'ए' के लहूजी नगर में सड़क पर बनी झुग्गी-झोपड़ियों, धान के खेतों में सीवरेज व्यवस्था, अंबिकानगर में प्रस्तावित नाला सफाई कार्य तथा वार्ड 'बी' के अनुपम नगर में नाला व चिकनघर नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को उचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा नालियों में जाने वाले अपशिष्ट की मात्रा को न्यूनतम करने के लिए नालियों की गहन सफाई करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक नितिन निकम, अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे, शहर अभियंता अनिता परदेशी, उपायुक्त अतुल पाटिल, प्रसाद बोरकर, संजय जाधव, कार्यकारी अभियंता घनश्याम नवांगुल, शैलेश मलेकर, योगेश गोटेकर, 2/बी वार्ड के सहायक आयुक्त प्रीति गाडे, 1/ए वार्ड के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रेलवे कर्मचारी की पत्नी को दी जाए नौकरी

**कल्याण.** कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से की लहर भड़क उठी है, इस आतंकी हमले में डोंबिवली के तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें सेंट्रल रेलवे में काम करने वाले अतुल मोने भी शामिल थे, इस पृष्ठभूमि में पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र पवार ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन मोने की पत्नी को नौकरी प्रदान करे और उनके परिवार को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करे, इस संबंध में पवार ने बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा, कश्मीर के पहलगाम जिले में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमलों में 28 निर्दोष पर्यटक मारे गए, इस कायराना आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश में कड़ा रोष व्यक्त किया जा रहा है.

## बदलापुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर 1 बंद

**बदलापुर.** रेलवे प्रशासन ने बदलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर लोहे की रेलिंग लगाकर उसे स्थायी रूप से बंद कर दिया है। सांसद बाल्या (मामा) म्हात्रे ने स्टेशन का दौरा किया और रेलवे अधिकारियों से चर्चा की। सुबह के समय हजारों यात्री होम प्लेटफॉर्म पर उमड़ते हैं और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।





तदनुसार, यात्रियों ने प्लेटफार्म नंबर एक को बंद करने का विरोध किया था। हालांकि, रेलवे प्रशासन का कहना है कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए इस लोहे की रेलिंग को लगाकर प्लेटफॉर्म को बंद करना जरूरी था। इस बीच, इस संबंध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सांसद बालया मामा उर्फ सुरेश म्हात्रे ने आज बदलापुर रेलवे स्टेशन का दौरा किया और रेलवे अधिकारी से चर्चा की। इस बीच रेलवे अधिकारी ने कहा कि एक से डेढ़ महीने में लिफ्ट और एस्केलेटर का काम पूरा होने के बाद लोहे की रेलिंग हटा दी जाएगी, लेकिन अगर इसके बाद भी उन्होंने यह रेलिंग नहीं हटाई तो म्हात्रे ने चेतावनी दी है कि वह खुद ही रेलिंग हटा देंगे।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## एक लाख के पार सोना

एक दिन में अभूतपूर्व उछाल के साथ सोने का भाव बढ़ कर एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया। जिस तरह इसकी कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ था, उससे इसके इस स्तर पर पहुंचने का अनुमान पहले से लगाया जा रहा था। सोने की कीमत बढ़ने की कुछ वजहें साफ हैं। अमेरिकी शुल्क नीति के कारण जिस तरह दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता का वातावरण है, उसमें सोने की कीमत बढ़नी तय थी। दूसरे, बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती कर रखी है, जिससे आम लोगों को बैंकों में पैसे रखने के बजाय सोने में निवेश करना ज्यादा फायदेमंद लगने लगा है। इस वजह से लोग सोना अधिक खरीदने लगे हैं। इसके अलावा, डॉलर की कीमत कम होने से भी विदेशी निवेशकों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो गया है। फिर, विभिन्न देशों में संघर्ष के चलते पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता के कारण कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने भारी मात्रा में सोना खरीद कर जमा करना शुरू कर दिया है।

> बीते कुछ समय से सोने की मांग न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में बढ़ी है। मगर इसके बरक्स सोने के खनन में कमी आई है। जब उत्पादन कम होता है और मांग बढ़ती है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती ही हैं।

बीते कुछ समय से सोने की मांग न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में बढ़ी है। मगर इसके बरक्स सोने के खनन में कमी आई है। जब उत्पादन कम होता है और मांग बढ़ती है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती ही हैं। इसलिए यह अकारण नहीं है कि पिछले साढ़े तीन महीनों में ही सोने की कीमत में करीब छब्बीस फीसद की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का रुख अभी बना रहेगा और यह सवा लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकती है।

निस्संदेह इससे निवेशकों को तो लाभ होगा, मगर आम लोग जो शादी-विवाह के अवसर पर सोने की खरीद करते हैं, उनके सामने कठिन स्थिति पैदा हो गई है। इसके अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव नजर आएंगे। जिस तरह पिछले दो वर्षों में सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का आंकड़ा हैरान करने वाली गति से बढ़ा है, आय के अवसर लगातार सिकुड़ते गए हैं, उसमें सोने की बढ़ती कीमत उन पर अतिरिक्त मार साबित होगी।

# टकराव की राह पर विधायिका-न्यायपालिका

तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा की गई आलोचना ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच फिर एक बार टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। तमिलनाडु सरकार की ओर से विधानसभा में पारित 10 विधेयकों को राज्यपाल की सहमति रोके रखने का मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा था।

अपने अनूठे निर्णय में न्यायालय ने न सिर्फ इन लंबित विधेयकों को राज्यपाल की सहमति के बिना ही मंजूर घोषित किया, बल्कि राज्यपाल के लिए तीन माह के भीतर ऐसे बिलों को वापस विधानसभा भेजने अथवा राष्ट्रपति के समक्ष विचार हेतु प्रेषित करने की समयसीमा भी निश्चित कर दी।

इतना ही नहीं, न्यायालय ने अपने फैसले में राष्ट्रपति को भी निर्देश दिया कि उन्हें राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर तीन माह के भीतर निर्णय लेना होगा। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि ऐसे विधेयकों पर राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ राज्य अदालत जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने राज्यपाल की शक्तियों का अधिग्रहण कर विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप तो किया ही, संघीय ढांचे में केंद्र की ओर शक्ति के झुकाव को भी कुंद किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इसी पर आपत्ति जताई। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के घर मिले अधजले नोटों के मामले में कोई एफआइआर न दर्ज किए जाने पर भी प्रश्न खड़े किए।



समवर्ती सूची में उल्लिखित विषयों पर केंद्रीय कानूनों की सर्वोच्चता, सातवीं अनुसूची में शामिल होने से रह गए अवशिष्ट विषयों पर केंद्र को कानून बनाने का अधिकार, अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लगाने का अधिकार ऐसे कुछ प्रविधान हैं, जो केंद्र की सर्वोच्चता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं।

अनु. 355 एक ऐसी शासकीय व्यवस्था की कल्पना करता है, जिसमें केंद्र पर यह सुनिश्चित करने का भार होता है कि राज्य सरकारें अपने दायित्व का पालन संवैधानिक प्रविधानों के अनुरूप करें। इसीलिए राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की जाती है। गौर करने वाली बात यह है कि राष्ट्रपति की अपेक्षा राज्यपाल के पास कहीं अधिक और वास्तविक शक्तियां होती हैं।

कानून एवं व्यवस्था बिगड़ने या फिर असंवैधानिक कार्यकलापों का मामला संज्ञान में आने पर वह विधानसभा भंग करने की सिफारिश भी कर सकता है। अनुच्छेद 200 के अंतर्गत स्वीकृति हेतु राज्यपाल के समक्ष आए विधेयकों को अनुमति देने या राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए आरक्षित रखने की कोई सीमा नहीं है। जिन 10 विधेयकों को लेकर राज्य सरकार ने याचिका दायर की, उनमें एक विश्वविद्यालयों में कुलपति के चयन का अधिकार राज्यपाल से हटाकर मंत्री परिषद को देने की बात करता है। ऐसे में याचिका का दायरा सीमित कर विषय केंद्रित किया जा सकता था, परंतु राज्यपाल और राष्ट्रपति, दोनों के लिए प्रत्येक विधेयक को अनुमति की समयसीमा में बांधे जाने ने न केवल राज्यपाल के पद को कमजोर किया, बल्कि राज्य को एक तरह से केंद्रीय पर्यवेक्षी अधीनता से मुक्त कर दिया।

ऐसी व्यवस्था के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। नागरिकता संशोधन और वक्फ कानून के विरोध में पारित प्रस्तावों के जरिये विभिन्न विधानसभाएं कई बार अपने भयावह मंतव्यों को प्रकट कर चुकी हैं। तमिलनाडु विधानसभा तो कोयंबटूर बम धमाकों में निरुद्ध विचाराधीन कैदी अब्दुल नसीर मदनी की रिहाई का प्रस्ताव भी पारित कर चुकी है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय राष्ट्र की एकता और अखंडता को दुविधाजनक स्थिति में डाल सकता है।

हाल में कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी प्रस्तावित विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजा है। मजहबी आधार पर आरक्षण की व्यवस्था तय करने वाला यह विधेयक पूरी तरह गैर संवैधानिक है, पर शीर्ष अदालत का हालिया निर्णय राष्ट्रपति को यह विधेयक पास करने के लिए बाध्य करेगा।





ध्यानाभ्यास सीखने से हम ऐसे द्वार में प्रवेश कर जाते हैं जो हमें अंतर में आनंद, प्रकाश, और प्रेम से भरपूर मंडलों में ले जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ समय से आतंकवादी संगठनों के हमले और उनकी सक्रियता में जिस कदर बढ़ोतरी देखी जा रही है, उससे यह चिंता स्वाभाविक है कि क्या यह समस्या एक बार फिर जटिल शक्ल अख्तियार कर रही है। इतना साफ है कि आतंक के रास्ते भारत में जो मकसद वे हासिल करना चाहते हैं, उसका पूरा होना संभव नहीं है, लेकिन यह भी देखा जा सकता है कि उनके हमलों की रणनीति में जो बदलाव आया है, वह इस समस्या को और गंभीर बना रहा है। आए दिन वहां से अब आतंकी हमलों, उनसे सुरक्षा बलों की मुठभेड़, कुछ आतंकियों का मारा जाना या फिर किसी जवान की शहादत की घटनाएं अक्सर सामने आने लगी हैं।

बीते कुछ वर्षों में पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों ने सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमले करने के समांतर लक्षित हमलों की रणनीति अपनाना शुरू कर दिया है। अब इसी क्रम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमले शुरू कर दिए हैं, जिसके पीछे छिपी मंशा स्पष्ट दिखती है कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन या अन्य कारणों से आने वालों के भीतर खौफ पैदा किया जा सके।

कश्मीर में पहलगाम के बैसरन इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों ने



पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें बीस से ज्यादा लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर आई। दरअसल, जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका जगजाहिर रही है। माना जाता रहा है कि इसी वजह से आतंकवादी संगठन पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, ताकि वहां पर्यटकों का आना-जाना निर्बाध रहे।

अगर देश-दुनिया से वहां घूमने जाने वालों के भीतर डर बैठा, तो वहां की अर्थव्यवस्था पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। लेकिन इस बार पर्यटकों को निशाना बना कर आतंकियों ने न केवल बाहरी लोगों को डराने, बल्कि वहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर हमला करने की कोशिश की है। इसके अलावा, जुलाई की शुरुआत में अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है और वहां जाने का रास्ता पहलगाम से होकर गुजरता है। ऐसे में आतंकियों के इस हमले को अमरनाथ यात्रा को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है।

पर्यटकों पर गोलीबारी हाल के दिनों में सबसे गंभीर घटना मानी जा रही है, जिसके पीछे मंशा न केवल सुरक्षा बलों और सरकार को चुनौती पेश करना, बल्कि बाहरी लोगों को डराना है। इससे उन्हें अपना एक मकसद यह भी पूरा होने की उम्मीद है कि वे स्थानीय और बाहरी लोगों के भीतर खाई पैदा कर सकेंगे। मगर ऐसे आतंकी हमलों के बाद अब वहां की स्थानीय आबादी के बीच आतंकियों के खिलाफ जिस तरह का आक्रोश देखा जाता है, वह भविष्य के लिए एक उम्मीद जगाता है।

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा की लोकतांत्रिक राजनीति में सक्रिय लगभग सभी दलों और उनके नेताओं ने इसकी तीखी आलोचना की और इसे कायराना हरकत बताया। मगर हकीकत यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का दौर रहा हो या फिर उसके बाद बड़ी जद्दोजहद के बाद शुरू हुई लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसके तहत चुनी हुई सरकार का गठन, आतंकी वारदात पर काबू पाने की कोशिशें नाकाम दिखती हैं। अगर सरकार की ओर से इस मसले पर ठोस और सुचिंतित कार्रवाई नहीं की गई, तो इसके दूरगामी घातक नतीजे सामने आ सकते हैं।

# शख्स ने खरीदी ढाई करोड़ की कार, 1 घंटे बाद हुई स्वाहा!

### जरा हट के

आपने वो डायलॉग तो सुना ही होगा, अगर किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात तुम्हें उससे मिलाने की कोशिश में लग जाती है. पर सोचिए कि इतनी शिद्दत से चाही हुई कोई चीज मिलने के कुछ ही देर बाद आप से छिन जाए तो क्या होगा. ऐसा ही एक शख्स के साथ जापान में हुआ. बेचारे ने 10 सालों तक पैसे बचाए, पाई-पाई जुटाई और तब जाकर उसने अपनी मनपसंद कार को ढाई करोड़ रुपये में खरीदा. मगर उसकी किस्मत इतनी बुरी थी कि गाड़ी डिलीवर होने के सिर्फ 1 घंटे के अंदर वो स्वाहा हो गई.

द सन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार जापान के रहने वाले 33 साल के हॉन्कॉन एक म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं. उन्हें फरारी 458 स्पाइडर कार बहुत पसंद थी. 10 सालों तक उन्होंने उस गाड़ी के लिए पैसे जुटाए और 16 अप्रैल को वो कार 2.5 करोड़ रुपये में खरीदा. उन्हें कार



डिलीवर हुई, और वो उसे लेकर लौटने लगे. पर जब वो टोक्यो के शूटो एक्सप्रेसवे पर थे, तब अचानक उन्होंने देखा कि गाड़ी में आग लग गई.

उन्होंने फौरन गाड़ी रोक दी और उतर गए. 20 मिनट में आग बुझा ली गई, मगर उतनी देर में गाड़ी पूरी तरह आग में झुलग गई थी. आगे का छोटा सा हिस्सा ठीक था. आग क्यों लगी, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है. कार में आग लगने से पहले गाड़ी क्रैश नहीं हुई थी. शख्स ने सोशल मीडिया पर अपनी कहानी को शेयर कर दुख व्यक्त किया. उन्होंने लिखा कि डिलीवरी के सिर्फ 1 घंटे बाद ही उनकी कार आग में झुलस गई. उन्हें लगता है कि जापान में सिर्फ वही ऐसे होंगे जिसे इतना कष्ट झेलना पड़ा.

द सन वेबसाइट के बात करते हुए हॉन्कॉन ने कहा कि उन्होंने ऐसा सोचा भी नहीं था कि ऐसा कुछ होगा. लोगों ने सोशल मीडिया पर कमेंट कर इस बात की तसल्ली जताई कि हॉन्कॉन को इस हादसे में कुछ नहीं हुआ, वो पूरी तरह ठीक हैं. एक ने कहा कि फरारी के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था. वहीं एक ने कहा कि अच्छा हुआ वो सुरक्षित हैं.

# घर पर ही लें पिज्जा का स्वाद




**सामग्री :**

- 4 स्लाइस ब्रेड (सफेद या ब्राउन)
- 1/2 कप पिज्जा सॉस या टोमैटो सॉस
- 1 कप मोजरेला चीज
- 1/2 कप शिमला मिर्च
- 1/2 कप प्याज
- 1/2 कप टोमैटो
- 1/4 कप मक्का (ऑप्शनल)
- 1/2 टीस्पून ऑरिगैनो
- 1/2 टीस्पून रेड चिली फ्लेक्स
- 1 टीस्पून तेल या बटर
- नमक स्वादानुसार

**विधि :**

सबसे पहले सभी सब्जियों, जैसे- शिमला मिर्च, प्याज और टमाटर को बारीक काट लें।

अगर आप ऑलिव्स या मशरूम का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो उन्हें भी बारीक काटकर रख लें।

अब एक नॉन-स्टिक पैन या सैंडविच टोस्टर में ब्रेड को हल्का-सा टोस्ट कर लें। अगर आप माइक्रोवेव या ओवन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो ब्रेड को बिना टोस्ट किए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

हल्का टोस्ट किए हुए ब्रेड पर पिज्जा सॉस या टोमैटो सॉस को अच्छी तरह लगाएं और इस पर कटी हुई सब्जियां डालें।



ऊपर से कद्दूकस किया हुआ मोजरेला चीज ब्रेड की पूरी सतह पर अच्छी तरह फैला दें।

इसके बाद इसके ऊपर ऑरिगैनो, रेड चिली फ्लेक्स, नमक और हर्ब्स छिड़कें।

एक पैन को गर्म करें और उसमें थोड़ा-सा तेल या बटर डालें।

ब्रेड पिज्जा को पैन में रखें और ढक्कन लगाकर धीमी आंच पर 2-3 मिनट पकाएं।

जब चीज पिघल जाए और ब्रेड क्रिस्पी हो जाए, तो गैस बंद कर दें।

अगर आप ओवन या माइक्रोवेव का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो 180°C पर 5-7 मिनट बेक करें।

गर्मागर्म ब्रेड पिज्जा टोस्ट को प्लेट में निकालें।

ऊपर से थोड़ा-सा केचप या चिली सॉस डालकर सर्व करें।

# बेटे के करीब रहने के लिए अभी से शुरू कर दें ये चीजें

### उम्र बढ़ने के बाद भी कभी नहीं आएगी रिश्तों में दूरी

बच्चे जैसे-जैसे बड़े होने लगते हैं अक्सर मां-बाप से थोड़ी दूरी बनाने लगते हैं। उन्हें अपने जीवन में स्वतंत्रता और खुलापन चाहिए होता है। वहीं अगर आपका बच्चा बेटा है तो उसका स्वभाव बड़े होते-होते काफी बदल जाता है। ऐसे में कई बार पेरेंट्स को ये चिंता सताने लगती है कि आखिरकार कैसे अपने लाड़ले के करीब रहें, कैसे उसके साथ अपने संबंध को घनिष्ठ बनाएं? इसके लिए आपको समझ, प्रयास और धैर्य से काम लेना होगा। यहां हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं जिससे आप अपने बड़े होते बेटे के साथ भी प्यारा रिश्ता बना पाएंगे। इतना ही नहीं इन तरीकों को अपनाने से कभी भी आपके रिश्ते में दूरी नहीं आएगी। जीवन के अगले पड़ाव में कदम रखते हुए भी आपका बेटा आपके साथ रहेगा और आपकी बातों को समझेगा।



### ■ एक-दूसरे के साथ समय जरूर बिताएं

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग जॉब या बिजनेस के चक्कर में पूरा दिन बिजी रहते हैं। लेकिन अगर आपका बेटा बड़ा हो रहा है तो उसके साथ समय जरूर बिताएं। आप चाहें तो उसके साथ थोड़ी देर वॉक पर या ड्राइव पर जाएं। कुछ स्नैक्स लेने साथ में जाएं। उससे उसकी दिनचर्या के बारे में बात करें। एक-दूसरे के साथ समय बिताने से विश्वास पैदा होता है।

### ■ हर बार सुझाव दिए बिना धैर्य से बातें सुनें

लड़कों को अपनी भावनाओं के बारे में बात करने में कठिनाई होती है, खासकर जब वे बड़े हो जाते हैं। ऐसे में अगर आपका बेटा आपको कोई बात बताता है तो जरूरी नहीं हर बार आप उसको कुछ सुझाव दें। इसकी बजाए धैर्य से उसकी बातें सुनें। ताकि वो सहज होकर आपको सबकुछ बता पाए। ऐसा करने से आपके बीच में भावनात्मक विश्वास स्थापित होगा।

### ■ उसकी स्वतंत्रता को समझें और मार्गदर्शन करें

जैसे-जैसे आपका बेटा बड़ा होगा, उसे अपने फैसले खुद लेने के लिए ज्यादा जरूरत होगी। इसलिए उसकी स्वतंत्रता को समझें और मार्गदर्शन करें। उसे बढ़ने में मदद करें। ऐसा करना यह दर्शाता है कि आप उस पर भरोसा करते हैं। वह इस बात का सम्मान करेगा कि आप उसके जीवन के हर पड़ाव पर मदद करते हैं लेकिन उसके जीवन को नियंत्रित करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### ■ बड़े होते बेटे की प्यार से सीमाएं करें तय

आपका बेटा जब बड़ा हो जाता है, तब भी उसे अनुशासन की जरूरत होती है। लेकिन इस चीज में आपको सावधानी बरतनी चाहिए। बड़े होते बेटे की प्यार से सीमाएं तय करें। कठोर दंड के बजाय, उसे मार्गदर्शन देने के लिए शांत बातचीत का उपयोग करें। उसे बताएं कि नियम इसलिए हैं क्योंकि आप उसकी भलाई की परवाह करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**कर्क** : धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**सिंह** : कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कन्या** : पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**तुला** : पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**धनु** : जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**मकर** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# गर्मी में क्यों जल्दी खट्टा हो जाता है दही?

### ■ ऐसे करेंगे स्टोर तो बरकरार रहेगा स्वाद

गर्मी में दही सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह प्रोबायोटिक्स का एक बढ़िया सोर्स है, जिसे डाइट में शामिल करने से एक नहीं कई फायदे मिलते हैं। हालांकि, गर्मियों में अक्सर इसे स्टोर करना मुश्किल हो जाता है। सही तरीके से इसे स्टोर न करने की वजह से अक्सर दही खट्टा हो जाता है, जिसकी स्वाद कुछ खास पसंद नहीं आता है।

ऐसे में सही तरीके से इसे स्टोर करना बेहद जरूरी है, ताकि इसे खराब होने से रोका जा सके और लंबे समय तक इसका इस्तेमाल किया जा सके। आज इस आर्टिकल में आपको बताएंगे कि आखिर गर्मियों में क्यों खट्टा हो जाता है दही और क्या है इसे स्टोर करने का सही तरीका। साथ ही जानेंगे कि बाजार या घर पर बना कौन-सा दही है ज्यादा बेहतर-



ये तो हम सभी जानते हैं कि दही दूध से बनाया जाता है। दूध से दही को बनाने के लिए लैक्टोबैसिलस और स्ट्रेप्टोकॉकस नामक बैक्टीरिया अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि, जब इसे लंबे समय तक गर्म या सामान्य तापमान पर रखा जाता है, तो ये बैक्टीरिया दूध को खराब कर सकते हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि गर्म तापमान में इन्हें पनपने का अच्छा मौका मिल जाता है। इसकी वजह से दूध खट्टा हो सकता है, फट सकता है या इसमें फफूंद भी लग सकती है। इसके अलावा ज्यादा फर्मेंटेशन या गलत तरीके से दही को स्टोर करने की वजह से भी यह खराब हो जाता है।

### ■ सही तरह से कैसे स्टोर करें दही

दही को खट्टा या खराब होने से रोकने के लिए घर पर दही जमाते समय सही बर्तन का इस्तेमाल करें। दही जमाने के लिए कांच या सिरैमिक कंटेनर सबसे अच्छे होते हैं।

दही को लंबे समय तक फ्रिज के बाहर यानी सामान्य तापमान पर न छोड़ें। जैसे ही दही जम जाए, इसे तुरंत फ्रिज में रख दें, ताकि इसमें मौजूद बैक्टीरिया न बढ़ें।

ध्यान रखें कि आप जिस बर्तन में दही रख रहे हैं, वह साफ और सूखा हो, वरना गीला या गंदा होने पर इसमें बैक्टीरिया जल्दी पनप सकते हैं।

दही को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए इसमें चुटकी भर नमक डाल सकते हैं। यह न सिर्फ दही का स्वाद बढ़ाएगा, बल्कि एक प्रिजरवेटिव की तरह भी काम करेगा।

दही में नमक मिलाने से बैक्टीरिया का ग्रोथ रुकती है, लेकिन ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा नमक इसमें म मिलाएं।

अगर आप बाजार से दही खरीद रहे हैं, तो पैकेट पर लिखी एक्सपायरी डेट जरूर चेक करें। ज्यादा पुरानी डेट वाला दही इस्तेमाल करने से बचें।

# स्किन के लिए दही के फायदे

खासकर गर्मियों में जब स्किन रूखी और बेजान हो जाती है, दही इसे ग्लोइंग और निखरी बनाने में मदद करता है। आइए जानते हैं स्किन के लिए दही के फायदे और कैसे करें इसे इस्तेमाल–

- गर्मी के मौसम अक्सर शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसकी वजह से सिर्फ बॉडी ही नहीं, बल्कि स्किन के भी पानी की कमी होने लगती है, जिससे स्किन डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाती है। ऐसे दही स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है।
- त्वचा पर दही लगाने से स्किन की ड्राइनेस भी दूर होती है। अगर आपकी स्किन की रूखेपन का शिकार हो रही है, तो दही आपके लिए फायदेमंद होगा।
- दही स्किन के लिए नेचुरल मॉइश्चराइज की तरह काम करती है, जिसे स्किन को गर्मी के मौसम में नमी मिलती है।
- त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए कोलेजन बेहद जरूरी है। ऐसे में इसमें मौजूद लाइसिन और प्रोलाइन अमीनो एसिड्स स्किन में कोलेजन को बढ़ाते हैं।



### स्किन के लिए कैसे करें दही का इस्तेमाल

- दही के साथ टमाटर मिलाकर लगाने से स्किन की सफाई होती है। दही में टमाटर मिलाकर स्किन पर अप्लाई करने से त्वचा गहराई से साफ होती है।
- दही और शहद भी स्किन को फायदा पहुंचाती हैं। दोनों को मिलाकर लगाने से चेहरे की खोई हुई चमक वापस मिल सकती है।
- दही और एलोवेरा जेल मिलाकर लगाने से ऑयली स्किन की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।
- अगर आप टैनिंग से परेशान हैं, तो दही में 1 चुटकी हल्दी मिक्स करके लगा लें। इससे आपको टैनिंग से छुटकारा मिल जाएगा।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रेमी के बरामदे में लटका मिला छात्रा का शव

यूपी के बाराबंकी में मंगलवार की शाम अचानक लापता हुई इंटर की छात्रा का शव प्रेमी के घर के बरामदे में दुपट्टे के सहारे लटका मिला है। छात्रा के परिजनों ने प्रेमी के परिजनों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फारेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और सबूत जुटाए हैं। घटना के बाद छात्रा का प्रेमी और उसका पूरा परिवार फरार है। रामनगर थाना क्षेत्र के निवासी अंकित का गांव की ही इंटर की परीक्षा दे चुकी छात्रा रोली से दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों फोन पर अक्सर बात करते थे। इसकी जानकारी युवती के घर वालों को नहीं थी। मंगलवार की शाम को छात्रा के घर वालों ने फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया था। इसके बाद घर वालों ने फटकार भी लगाई थी। इसके कुछ देर बाद ही छात्रा घर से शौंच जाने की बात कहकर निकली लेकिन देर शाम तक नहीं लौटी तो परिजन उसे गांव के अलावा रिश्तेदारों के घर खोजबीन में लगे थे।

### रस्सी में फंसे किशोर को भैंस ने 200 मीटर तक घसीटा, इलाज के दौरान मौत

यूपी के बाराबंकी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां खूंटे से बंधी भैंस को खोलकर किशोर उसे नाद तक ले जा रहा था। इसी दौरान भैंस भड़क गई। युवक उसकी रस्सी में फंस गया। भैंस उसे घसीटते हुए 200 मीटर तक इधर-उधर भागती लगी। परिजन किसी तरह रस्सी से युवक को छुड़वाया। लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सीएचसी पर डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर किया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला देव थाना क्षेत्र के मुजफ्फरमऊ गांव का है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे ने पत्नी को गोली मार थाने में किया सरेंडर

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर में कांटा नगर पचायत की अध्यक्ष मुनारा बेगम के बेटे शकील उर्फ नन्हे ने अपनी नर्सरी में पत्नी को बुलाकर गोली मार दी है। गोली मारने के बाद शकील सीधे थाने पहुंचा और घटना के बारे में पुलिस को बताया। चाल-चलन को लेकर पत्नी पर आरोप लगाते हुए उसने पुलिस से कहा कि वह ब्वॉयफ्रेंड के टच में थी और मुझे तलाक देना चाहती थी। शकील के कबूलनामे के बाद पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। कांट में केले वाली चौपाल निवासी शकील उर्फ नन्हे ने पत्नी को गोली मारने के बाद थाने में पुलिस को जो बताया वह सनसनीखेज था। पुलिस को नन्हे ने बताया कि 4 साल पहले शाहजहांपुर की रहने वाली निगार उर्फ रीना उम्र 28 वर्ष से उसने कोर्ट मैरिज की थी। उसके एक बेटी है। नन्हे ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं था। वह एक बॉयफ्रेंड के टच में थी।

### बदायूं में दिनदहाड़े गोली मारकर दूधिया की हत्या, फरार हुए बाइक सवार 3 बदमाश

**बदायूं.** बदायूं के सहसवान में बुधवार को दिन दहाड़े एक दूधिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकले तो दूधिया को जमीन पर छटपटाता देख उसे फौरन अस्पताल ले गये, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या क्यों की गई, इस बात को लेकर पुलिस जांच कर रही है। हत्या के बाद नाराज लोगों ने नर्सिंग होम के बाहर तोड़फोड़ की। जानकारी मिलते ही तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दिनदहाड़े हत्या की वारदात सहसवान में हरदत्तपुर जाने वाले मार्ग पर नट बाबा वाली गली में हुई। क्षेत्र के कुरिया गांव निवासी दूधिया उदयवीर रोज की तरह नट बाबा गली में एक घर में दूध देने को जा रहे थे। यहां स्थित एक नर्सिंग होम के समीप पहले से घात लगाये खड़े बाइक सवार तीन युवकों ने फायरिंग कर दी।

# पहलगाम अटैक के 3 संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी

- सोशल मीडिया पर फोटो वायरल
- इंटेलिजेंस एजेंसियां बोलीं- पाकिस्तान में बैठा लश्कर का आतंकी मास्टरमाइंड



**सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि इस हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है।**

इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने ली है। इस बीच, पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) पहलगाम में जांच के लिए पहुंच गई है।

पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में UP, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और UAE के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

जम्मू-कश्मीर में 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा अटैक के बाद ये सबसे बड़ा हमला है। पुलवामा में CRPF के काफिले पर फिदायीन हमला हुआ था, इसमें 40 जवान शहीद हुए थे। इसकी जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी।

#### आधिकारिक पुष्टि नहीं

सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है। हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि पहलगाम अटैक में दो फॉरेन टेररिस्ट और दो लोकल आतंकी शामिल थे। सूत्रों ने कहा कि पहलगाम हमले का मास्टर माइंड सैफुल्लाह खालिद है। यह पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) से ऑपरेट करता है। इसकी लोकेशन रावलकोट बताई गई है। सैफुल्लाह ने एक महीने पहले हमले की चेतावनी भी दी थी।

### लेफ्टिनेंट की 7 दिन पहले हुई थी शादी, हनीमून पर हत्या



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल और कानपुर के शुभम को पत्नि के सामने गोली मार दी। दोनों की हाल ही में शादी हुई थी। वे हनीमून और घूमने के लिए पहलगाम आए थे। आतंकी हमले में हरियाणा के करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26) की मौत हुई है। उनकी 7 दिन पहले ही हिमांशी नरवाल के साथ शादी हुई थी। 2 दिन पहले विनय और हिमांशी हनीमून के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचे थे। मंगलवार को जब वे बैसरन घाटी में घूम रहे थे, उसी दौरान आतंकियों ने विनय पर फायरिंग कर दी। जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल सुरक्षित हैं।

### अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दो दिन दौरा छोड़ बुधवार सुबह भारत लौट आए हैं। वे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक करेंगे।

### जब जवानों को आतंकी समझ रोने लगे पर्यटक



पहलगाम अटैक के बाद जब भारतीय सेना के जवान बैसरन घाटी पहुंचे तो वहां मौजूद पर्यटकों ने उन्हें आतंकवादी समझ लिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जिन आतंकवादियों ने फायरिंग की, वो भी वर्दी में थे।जवानों को देख महिलाएं और बच्चे हाथ जोड़कर रोने लगे। इसके बाद जवानों ने कहा कि हम इंडियन आर्मी में हैं। उन्होंने पर्यटकों को सुरक्षा का दिलासा दिया। इस घटना का वीडियो सामने आया है।

## पहलगाम अटैक पर पाकिस्तान को थैंक यू बोलने वाला गिरफ्तार



**बोकारो.** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद बोकारो पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने हमले के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पाकिस्तान को थैंक्यू लिखा था।

युवका का नाम मो. नौशाद है। उसके पिता का नाम मो मुश्ताक है। चास थाने की पुलिस ने उसे मिल्लतनगर से अरेस्ट किया है।

बोकारो के युवक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- थैंक यू पाकिस्तान, थैंक यू लश्कर ए तैय्यबा, मे अल्लाह ब्लेस यू ऑलवेज, आमीन, आमीन। वी विल बी मोर हैप्पी इफ आरएसएस, बीजेपी, बजरंग दल एंड द मीडिया आर टारगेटेड।

## हमारे मेहमान घाटी से पलायन कर रहे

**श्रीनगर.** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए एक आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटकों का पलायन शुरू हो गया है। इसको लेकर सूबे से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरी चिंता और दुख जताया है। इस आतंकी हमले में 28 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल हैं। यह हमला अनंतनाग जिले के पहलगाम में बैसारन वैली में हुआ, जो एक खूबसूरत पर्यटक स्थल है। इस घटना के बाद से बड़े स्तर पर पर्यटक घाटी छोड़ रहे हैं, जिसके चलते श्रीनगर से अन्य शहरों के लिए हवाई और सड़क मार्ग पर भारी भीड़ देखी जा रही है।

#### सीएम उमर का बयान

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, ₹हमारे मेहमानों का घाटी से पलायन देखकर दिल टूट रहा है, लेकिन हम यह भी समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं।₹ उन्होंने बताया कि डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय श्रीनगर से अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था करने में जुटे हैं, ताकि फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।


## उल्हासनगर महानगरपालिका

### दिनदयाळ अंत्योदय योजना राष्ट्रीय नागरी उपजिविका अभियान

### नगर पथविक्रेता समिती निवडणूक 2025

केंद्र शासनाकडील पथ विक्रेता (उपजीविका संरक्षण व पथ विक्री विनियमन) अधिनियम 2014 मधील कलम 36 च्या पोटकलम (1) द्वारे प्रदान केलेल्या अधिकारांचा वापर करून महाराष्ट्र शासनाने महाराष्ट्र शासन राजपत्र असाधारण भाग चार अ या राजपत्राद्वारे शहरामधील पथविक्रेत्यांचे बाबत नियम व आदेश प्रसिद्ध केले होते. सदर शासनाच्या नियम व आदेशामधील प्रकरण 4 मधील कलम 15 (भाग-1) मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे शहरातील पथविक्रेत्यांचे सर्वेक्षणाद्वारे नोंदणीकृत पथविक्रेत्याची मतदार यादी तयार करून त्यांची निवडणूक घेणे अनिवार्य आहे.

महाराष्ट्र शासन, नगर विकास विभागाने राजपत्र असाधारण भाग 4 अ अन्वये एकूण 20 सदस्यांची शहर फेरीवाला समिती स्थापन करण्यात येत आहे. महाराष्ट्र शासनमार्फत प्रसिद्ध करण्यात आलेल्या पथ विक्रेता निवडणूक नियम प्रणालीमध्ये केलेल्या एकूण 20 सदस्य संख्येमध्ये आठ पथविक्रेते सदस्य असणार आहेत. सदरचे आठ पथविक्रेता सदस्य पथविक्रेतांमधून निवडणुकीद्वारे निवडून द्यावयाचे आहे. महाराष्ट्र शासनाने महाराष्ट्र शासन राजपत्र असाधारण भाग चार अ या शासन राजपत्राद्वारे अनुसूचित जाती-1, अनुसूचित जमाती-1. इमाव-1, अल्पसंख्याक-1, दिव्यांग व्यक्ती-1 व खुला प्रवर्ग-3 (एक महीला) या जातीय संवर्गाचा उल्लेख केला आहे. तसेच 1/3 आरक्षण हे महिलांना देण्यात यावे, असे नमूद केलेले आहे. त्याअनुषंगाने दिनांक 08/04/2025 रोजी पथ विक्रेत्यांच्या 2 महिला राखीव जागाकरीताचे आरक्षण सोडत पध्दतीने घेण्यात आले. - यामध्ये 1 जागा इतर मागास वर्ग करिता व 1 जागा दिव्यांग करिता निश्चित करण्यात आले आहे तसेच वर नमुद केल्याप्रमाणे 8 पथविक्रेत्यांच्या सदस्यासाठी निवडणूक घेण्यात येणार असून त्याचे नियोजन खालीलप्रमाणे करण्यात आले आहे.

#### निवडणूक कार्यक्रम

| अ. क्र. | विवरण | दिनांक व दिवस | वेळ | स्थळ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामनिर्देशन पत्राचे वाटप करणे | सोमवार आणि मंगळवार 28 व 29 एप्रिल 2025 | सकाळी 11.00 वा. ते दुपारी 3 वा. पर्यंत | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 2 | नामनिर्देशन पत्र स्विकारणे | 28/04/2025 ते 05/05/2025 (शासकीय सुट्टी वगळून) | सकाळी 11.00 वा. ते दुपारी 3 वा. पर्यंत | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 3 | प्राप्त नामनिर्देशन पत्राची छाननी करणे | मंगळवार 06/05/2025 | सकाळी 11.00 वा. पासून | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 4 | प्राप्त नामनिर्देशन पत्राची यादी प्रसिद्ध करणे | मंगळवार 06/05/2025 | छाननी नंतर लगेच | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 5 | आक्षेप अर्ज स्विकारणे | बुधवार 07/05/2025 | सकाळी 11.00 वा. ते दुपारी 3 वा. पर्यंत | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 6 | वैध उमेदवारांची यादी प्रसिद्ध करणे | बुधवार 07/05/2025 | दुपारी 3 वा. नंतर | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 7 | नामनिर्देशन पत्र मागे घेणे | गुरुवार 08/05/2025 | सायंकाळी 5.00 वाजेपर्यंत | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 8 | माघारी नंतरची अंतिम यादी प्रसिद्ध करणे | गुरुवार 08/05/2025 | सायंकाळी 5.00 नंतर | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 9 | मतदान घेणे | गुरुवार 15/05/2025 | सकाळी 7.30 ते साय. 5.00 वा. पर्यंत | संबंधित प्रभाग समिती कार्यालयामध्ये |
| 10 | मतमोजणी | शुक्रवार 16/05/2025 | सकाळी 10.00 वा. पासून | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |
| 11 | निवडणूक निकाल जाहीर करणे | शुक्रवार 16/05/2025 | मतमोजणी नंतर | मिड टाऊन हॉल, गोलमैदान, उल्हासनगर 2 |

याबाबत शहर पथविक्रेत्यांच्या प्रभाग निहाय मतदार याद्या संबंधित प्रभाग समिती कार्यालयामध्ये उपलब्ध करून देण्यात आलेल्या आहेत तसेच DAY NULM कक्ष उल्हासनगर उल्हासनगर महानगरपालिका येथे शहर पथविक्रेता मतदार याद्या उपलब्ध करुन देण्यात आलेल्या आहेत. मा.आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका व पथविक्रेता निवडणूक निर्णय अधिकारी, उल्हासनगर यांच्या मार्फत सर्वांना आवाहन करण्यात येते की, सदर निवडणुकीमध्ये सक्रीय सहभाग घेऊन सदरची निवडणूक प्रक्रिया सुरुळीत पार पाडण्यास महानगरपालिकेला सहकार्य करावे.

सही/-
**(धनंजय थोरात)**
सहाय्यक आयुक्त तथा पथविक्रेता निवडणूक निर्णय अधिकारी
उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

जा.क्र. उमपा/ पीआरओ /56/2025
दिनांक - 23/4/2025


# कलमा नहीं पढ़ सके, तो गोली मारी

## पुणे के व्यापारी का सिर, कान और पीठ छलनी किया; जो छिपे उन्हें भी ढूंढकर मारा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में महाराष्ट्र के पांच लोगों की मौत हो गई। जिसमें दो की पहचान हो गई है। संतोष जगदाले के सिर, कान और पीठ पर गोली मारी गई। वहीं कौस्तुभ गणबोटे की पीठ छलनी कर दी गई। जगदाले अपने परिवार के साथ पहलगाम घूमने आए थे। उनके साथ पत्नी और बेटी भी थी। साथ में एक महिला रिश्तेदार भी थी। आतंकियों ने तीनों महिलाओं को छोड़ दिया।

जगदाले की बेटी ने बताया कि, आतंकियों ने उनके पिता से कलमा पढ़ने को कहा था, जब वह नहीं पढ़ पाए तो गोली मार दी। हाथों में बंदूक लिए आतंकी टेंट में छिपे लोगों को ढूंढकर मार रहे थे।

#### चशमदीद बेटी बोली- मेरे सामने पिता को गोली मारी, चाचा को भी नहीं छोड़ा

बेटी असावरी जगदाले ने न्यूज एजेंसी PTI को फोन पर बताया कि हम पांच लोगों का ग्रुप था। जिसमें मेरे माता-पिता भी शामिल थे। हम पहलगाम के पास बैसरन घाटी में थे तभी गोलीबारी की आवाज सुनी।




देखा कि पुलिस के कपड़े पहने कुछ लोग गोलियां चला रहे हैं।

असावरी ने कहा, ₹हम सभी पास के एक टेंट में छिप गए। 6-7 अन्य लोग भी आ गए। हम सभी गोलीबारी से बचने के लिए जमीन पर लेट गए, पहले लगा कि यह आतंकवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच कोई मुठभेड़ है। तभी एक आतंकी हमारे टेंट में आ गया उसने मेरे पिता जी को बाहर आने के लिए कहा। साथ ही पीएम मोदी के लिए कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया। फिर उन्होंने मेरे पिता से एक इस्लामी आयत (शायद कलमा) पढ़ने को कहा। जब वे नहीं पढ़ पाए, तो उन्हें तीन गोलियां मार दीं, एक सिर पर, एक कान के पीछे और एक पीठ में। मेरे चाचा मेरे बगल में थे। आतंकवादियों ने उन्हें चार से पांच गोलियां मारी।

## बेहतरीन डेथ बॉलिंग से जीती दिल्ली



- लखनऊ को 8 विकेट से हराया
- पोरेल और राहुल की फिफ्टी
- मुकेश कुमार को 4 विकेट

दिल्ली कैपिटल्स ने IPL के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। दिल्ली ने 18वें ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

दिल्ली से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल ने फिफ्टी लगाई। मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। लखनऊ से ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। मार्करम ने 2 विकेट भी लिए।

#### प्लेयर ऑफ द मैच

पावरप्ले में बॉलिंग करने उतरे मुकेश कुमार ने मिडिल और डेथ ओवर्स में बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने आखिरी ओवरों में मिचेल मार्श, अब्दुल समद, आयुष बडोनी और ऋषभ पंत के विकेट लिए। मुकेश की बॉलिंग के सामने लखनऊ के बैटर्स बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

**मिचेल स्टार्कः** नई गेंद से बॉलिंग करने आए स्टार्क ने 4 ओवर में महज 25 रन दिए। उन्होंने निकोलस पूरन का बड़ा विकेट भी लिया।

**अभिषेक पोरेलः** ओपनिंग करने उतरे पोरेल ने दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 51 रन बनाए और टीम की सेंचुरी पूरी कराई।

**केएल राहुलः** नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे राहुल ने पोरेल के साथ 69 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई।

## पाकिस्तान का सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

- PoK से ऑपरेट कर रहा
- कहा था- पाकिस्तान सरकार कश्मीर मुद्दा ठंडा न पड़ने दे



> पाकिस्तान सरकार कश्मीर मुद्दे पर कमजोर पड़ गई है। आर्टिकल 370 हटाए 6 साल बीत गए, लेकिन सरकार ने इंटरनेशनल फोरम पर ये मुद्दा नहीं उठाया।
>
> **सैफुल्लाह खालिद**
> लश्कर आतंकी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकी हमले में अब तक 27 पर्यटक मारे गए और 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के यूनिट द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

इंटेलिजेंस का दावा है कि TRF आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है।

सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।

## कच्छ में भूकंप के झटके

गुजरात के कच्छ जिले में मंगलवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक, यह भूकंप रात 11 बजकर 26 मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 20 किलोमीटर नीचे था। फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

भूकंप के झटके हल्के थे, लेकिन देर रात होने के कारण लोगों में कुछ देर के लिए घबराहट का माहौल बन गया। NCS ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि भूकंप का केंद्र 23.52° उत्तरी अक्षांश और 69.95° पूर्वी देशांतर पर था। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। कच्छ इलाका भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है, और यहां पहले भी बड़े भूकंप आ चुके हैं।

संक्षेप...

## ठाणे में निकला कैंडल मार्च

**ठाणे.** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने को लेकर राष्टवादी कांग्रेस पार्टी (SP) की तरफ से ठाणे शहर के प्रभात सिंग्नल से महात्मा गांधी उद्यान तक कैंडल मार्च निकाला गया. राष्टवादी कांग्रेस पार्टी (SP) के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक जितेंद्र आव्हाड के निर्देश पर निकाले गए कैंडल मार्च में पार्टी के ठाणे शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, प्रकाश पाटिल, सुजाता घाग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यकर्ताओं ने मुख पर काली पट्टी बांध कर गांधी प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया.

# शहीद की पत्नी को बनाया डिप्टी एसपी

- मुंबई आतंकी हमले के 17 साल बाद लौटी खुशियां

**मुंबई.** मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए भयानक आतंकवादी हमले में शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की पत्नी कल्पना पवार को महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस अधिकारी बना दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को उन्हें परिविक्षाधीन पुलिस उपअधीक्षक (डीवायएसपी) पद पर सीधी नियुक्ति से जुड़ा आदेश प्रदान किया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस नियुक्ति से एक बार फिर शहीद पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के प्रति सरकार की कृतज्ञता और संवेदनशीलता को दिखाया है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कल्पना पवार ने कहा, "मेरे पति की तरह अब मुझे भी देश सेवा का अवसर मिला है। यह सरकार किसानों की, मेहनती लोगों की, लाडली बहनों की और देश की रक्षा में बलिदान देने वाले शहीद वीरों की है, मेरी नियुक्ति से यह बात एक बार फिर साबित हो गई है।"




26 नवंबर 2008 की रात को लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया था। 26/11 हमले में 164 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा घायल हुए। तब कई बहादुर पुलिसकर्मी भी देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। आखिरकार सुरक्षाबलों ने चार दिन तक चले अभियान में 9 आतंकियों को मार गिराया, जबकि एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया। 2012 में कसाब को महाराष्ट्र की येरवडा जेल में फांसी दी गई।

गौरतलब है कि कल्पना पवार के पति अंबादास पवार तब मुंबई पुलिस में कांस्टेबल थे और आतंकियों का सामना करते समय गोली लगने से शहीद हो गए थे। उस रात अंबादास पवार रात की ड्यूटी पर थे और सादे कपड़ों में सुरक्षा इकाई कार्यालय जा रहे थे। उनके पास कोई हथियार नहीं था। जब वह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुछ आतंकी स्टेशन पर गोलीबारी कर रहे हैं। चूंकि उनके पास हथियार नहीं था, इसलिए वह आतंकवादियों की गोली से गंभीर रूप से घायल एक जीआरपी अधिकारी के पास गए और उसकी राइफल लेकर आतंकवादियों पर गोली चलाई। हालांकि आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी और उनकी जान चली गई। शहीद अंबादास पवार को वीरता के लिए पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में

## पंचायत समिति की बैठक

**ठाणे.** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे की उपस्थिति में मुरबाड पंचायत समिति में 22 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।इस बैठक में घुगे ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासनिक कार्यों को लेकर कर्मचारियों के लिए कार्य रिपोर्ट स्थायी कार्यालय फाइल और ई-ऑफिस प्रणाली को सुचारू रूप से बनाए रखना आवश्यक है और संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कार्यालयीन अनुदेशों का पूर्ण अनुपालन, योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन तथा लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति पर बल दिया।साथ ही 100 दिवसीय योजना का सारा काम 3 दिन के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।पीएम जन. मन व रमाई योजना के घरों को 7 दिनों के भीतर मंजूरी दी जानी चाहिए।स्वच्छ भारत मिशन योजना की फोटो तीन दिन के भीतर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। अपने निर्देशों में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि तहसिल के सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर काम करें और जिम्मेदारियां स्पष्ट करें और जहां आवश्यक हो वहां कार्रवाई करें।बैठक में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन विभाग) अविनाश फड़तारे और उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पंचायत) प्रमोद काले, साथ ही समूह विकास अधिकारी (मुरबाड़) लता गायकवाड़, सभी तालुका प्रभाग प्रमुख, पंचायत समिति मुरबाड़ तालुका के अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# ठाणे में रिक्शा चालक मीटर को कैलिब्रेशन कराने के प्रति उदासीन

- ठाणे आरटीओ कार्यालय से अधिकृत रिक्शों में से केवल 50 प्रतिशत के मीटरों का कैलिब्रेशन किया गया
- मीटर कैलिब्रेशन की अंतिम तारीख 30 अप्रैल

**ठाणे.** रिक्शा मीटर की कीमत में वृद्धि को ढाई महीने बीत जाने के बावजूद, ठाणे में केवल 50 प्रतिशत से अधिक रिक्शा चालकों ने ही अपने मीटर का कैलिब्रेशन पूरा किया है।यह बात सामने आई है कि ठाणे आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत लगभग 80000 ऑटो रिक्शा में से केवल 40700 का ही कैलिब्रेशन किया गया है। शेष रिक्शों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना है और इसकी अंतिम तारीख 30 अप्रैल है।

पिछले कुछ महीनों से रिक्शा एसोसिएशन रिक्शा किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।इस विषय को लेकर 23 जनवरी को मुंबई महानगर आरटीओ प्राधिकरण की बैठक में रिक्शा किराए में वृद्धि के संबंध में निर्णय लिया गया। एक फरवरी से किराया बढ़ाने के लिए दरें लागू होंगी।अधिकांश रिक्शाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीटर पर दिखाया गया न्यूनतम किराया 23 होने के कारण पैसेंजर के साथ में किराया को लेकर तकझक होता है। बहुत से लोग मूल्य वृद्धि से अनजान हैं। इसलिए, रिक्शा किराया के भुगतान को लेकर यात्रियों और चालकों के बीच टकराव आम बात होती जा रही है। दरअसल, रिक्शा चालकों को जल्द से जल्द मीटर टैरिफ बदलने की जरूरत है।ठाणे उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि 30 अप्रैल तक ऐसा करना जरूरी है।




ठाणे आरटीओ कार्यालय के पास 18 रिक्शा मीटर मरम्मत केंद्रों का रिकॉर्ड है, जबकि ठाणे, मीरा भायंदर और ऐरोली में 18 रिक्शा मीटर मरम्मत केंद्र हैं।इन तीन स्थानों पर मीटर कैलिब्रेशन का कार्य किया जा रहा है। कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक पंजीकरण के अनुसार 80000 से अधिक अधिकृत रिक्शा चल रहे हैं, जिनमें से लगभग 40700 रिक्शाओं के मीटर कैलिब्रेशन हैं।जबकी अधिक रिक्शों के मीटर अभी तक कैलिब्रेशन नहीं हुए हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। इसके बाद रिक्शा चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।रिक्शा मीटरों को कैलिब्रेशन करने के लिए अब कुछ ही दिन बचे हैं। मीटर कैलिब्रेशन के लिए 700 रुपये का शुल्क लिया जाता है, जिसमें मीटर मरम्मत, मीटर अपग्रेडेशन और सरकारी सत्यापन शुल्क शामिल है।तदनुसार रिक्शा चालकों को शुल्क का भुगतान करना चाहिए।

# सड़क पर लावारिस छोड़े गए वाहनों को मनपा करेगी जब्त

- जुर्माना भी वसूल करेगी मनपा

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी निजामपुर सिटी महानगर पालिका द्वारा मनपा क्षेत्र से अवैध रूप से छोड़े गए वाहनों/लावारिसवाहनों को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके चलते सभी नागरिकों को भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका सीमा के भीतर अवैध रूप से छोड़े गए वाहनों/या लावारिस वाहनों को तुरंत हटाने का आदेश दिया जा रहा है। साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मनपा की सीमा के अंतर्गत सड़कों, फुटपाथों एवं मनपा के अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से वाहन पार्क न किए जाएं। यदि वाहन को शीघ्र नहीं हटाया गया तो मनपा द्वारा वाहन को हटा दिया जाएगा तथा वाहन को हटाने की लागत (टोइंग और पार्किंग) के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।



विदित हो कि महाराष्ट्र प्रांतीय नगर निगम अधिनियम, 1949 की धारा 230 और 231 के अनुसार, मनपा आयुक्त को बिना नोटिस दिए महानगरपालिका क्षेत्र के भीतर सड़कों या फुटपाथों पर खड़े वाहनों को हटाने का अधिकार है। उक्त जानकारी भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के प्र.वाहन प्रबंधक प्रशांत संखे ने दी है.

# रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज को भिवंडी ओलंपिक में उल्लेखनीय सफलता

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र भाजपा विधायक महेश प्रभाकर चौघुले द्वारा परशुराम टॉवर स्टेडियम में सम्पन्न हुए 10 दिवसीय भिवंडी ओलंपिक में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।खेलों में विभिन्न माध्यमों के कुल 45 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया.उक्त मुकाबलों में रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज की ओर से विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सफलता प्राप्त की. छात्रों ने एथलेटिक्स स्पर्धा में सभी स्कूलों के बीच सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया तथा 20 हजार रुपये नकद पुरस्कार भी प्राप्त किया.रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज के छात्रों ने 4x100 मीटर रिले दौड़ में,14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के समूह में प्रथम पुरस्कार,तथा19 वर्ष की लड़कियों के समूह में भी प्रथम पुरस्कार और 17 वर्षीय आयु वर्ग में द्वितीय पुरस्कार जीता. 4x400 मीटर रेले रेस के 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों की रिले दौड़ में प्रथम पुरस्कार जीता तथा 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों की रिले दौड़ में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. 100/200/400 मीटर दौड़, शॉर्ट पुट, भाला फेंक और डिस्कस थ्रो स्पर्धाओं में भी पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहे.मेधावी छात्रों ने विभिन्न खेलों में कुल 28 स्वर्ण पदक, 21 रजत पदक तथा 16 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया.सभी छात्रों का मार्गदर्शन जाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन, शेख इकरा,अब्दुल लतीफ पंगारकर और एजाज हाशमी सर ने किया.खेल की शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन दानिश मदु,रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और समस्त स्टाफ की ओर से सफल छात्रों और उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई दी गई.



## आग में 10 वर्षीय लड़की व महिला की मौत

**मुंबई.** नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मानखुर्द के मंडला इलाके में आग लगने से 10 वर्षीय लड़की और 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई. मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) के अनुसार, मंडला इलाके में हनुमान मंदिर के पीछे जनता नगर में रात करीब 8:20 बजे आग लगी. आग बुझाने और घायलों को बचाने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया दल मौके पर पहुंचे.

पीड़ितों में 25 वर्षीय फराह खान भी शामिल हैं, जो 70 प्रतिशत तक जल गई हैं. उन्हें पहले गोवंडी के शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उनकी हालत की गंभीरता के कारण उन्हें सायन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. 21 अप्रैल को रात 11:30 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. दूसरी पीड़ित 10 वर्षीय खुशी खान को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया.

# ठाणेकरों को उचित मूल्य पर हापुस आम मिलेंगे

### ठाणे में 1 मई से शुरू होगा आम महोत्सव




**ठाणे.** ठाणेवासियों का ध्यान आकर्षित करने वाला 18 वां आम महोत्सव 1 मई से होगा शुरू। विधायक संजय केलकर की संस्कार सेवाभावी संस्था और कोंकण विकास प्रतिष्ठान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस आम महोत्सव को महाराष्ट्र सरकार के कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रायोजित किया गया है।शहर स्थित गावदेवी मैदान में 1 से 12 मई तक आयोजित होने वाले इस आम महोत्सव में सीधे किसान से उपभोक्ता तक बिक्री की व्यवस्था होगी। कोंकण के प्रामाणिक हापुस, पायरी, रत्ना और केसर आमों के साथ-साथ, विभिन्न गुणवत्ता वाले कोंकणी उत्पाद जैसे आम-फनास पोली, शर्बत, काजू, मालवणी मसाले और पापड़ बेचने वाले 45 स्टॉल होंगे। इस महोत्सव में 5 फूड स्टॉल होंगे तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए भी 5 स्टॉल होंगे। संस्कार संस्था के अध्यक्ष और महोत्सव के आयोजक विधायक संजय केलकर ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि किसानों की मदद करने और आम ठाणे निवासियों को गुणवत्ता वाले हापुस आम खरीदने के लिए यह पिछले 18 वर्षों से चल रहा है। इस अवसर पर कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक निरंजन डावखरे, भाजपा ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, पूर्व उपमहापौर अशोक भोईर, सुभाष काले, कोंकण विकास प्रतिष्ठान के राजेंद्र तावड़े, परिवहन सदस्य विकास पाटिल, ठाणे जिला हाउसिंग फेडरेशन के अध्यक्ष सीताराम राणे, संतोष सालुंखे, विष्णु रानाडे उपस्थित थे।

## पहलगाम में मारे गए हिंदुओं को शहीद का दर्जा

**मुंबई.** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकी घटना को लेकर भाजपा आक्रामक है. मुंबई में बुधवार को जगह -जगह विरोध प्रदर्शन हुआ. अंधेरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान ने कहा कि आतंकी हमले में मारे गए सभी हिंदू भाइयों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए. खान ने कहा कि धर्म पूछ कर उनकी हत्या किए जाने घटना बहुत ही शर्मनाक व कायराना है.सरकार 26 के बदले 52 आतंकवादियों को मार कर देश के 140 करोड़ देशवासियों को जल्द से जल्द सरकार खबर दे.

## PUBLIC NOTICE

**Regarding Cancellation of Special Power of Attorney**

On 04 July 2022, Om Ramdarshan Co-op. Housing Society, a registered cooperative housing society, had registered a special power of attorney for the redevelopment of their building in Sarve no-55 paiki plot no.23, morivali, B cabin road, Ambernath, Thane to M/s. Amit Construction Partner-1 Shri. Amit Ramesh Musale, G-2, Plot No. 26, Shri Balaji Krupa, Opposite Jondhale High School, Navre Nagar, Ambernath, District - Thane. It was signed by all the members and office bearers. The registered document number was 11345/2022.

But Mr. Amit Ramesh Musale, Partner of M/s Amit Construction, has cheated us by falsely claiming that the plans of our building have been approved. We have ourselves obtained the above information from the Ambernath Municipal Council.

Therefore, we hereby declare that, on 31/01/2025, the society meeting has unanimously passed resolution number -33 and decided that, on 04 July 2022, vide document number -11345/2022, the special power of attorney given to Mr. Amit Ramesh Musale, Partner-1 of M/s Amit Construction will be revoked and a new developer will be appointed by taking appropriate action as per the rules.

If anyone has any objection as per the said notification, they should submit their objection to the society office within fifteen (15) days. Objections received after that will not be considered.

Sd/- **Chairman** | Sd/- **Secretary** | Sd/- **Treasurer**

Om Ramdarshan Co-op. Hous. Society Ltd.

# टाइगर श्रॉफ की जान को खतरा !

- पुलिस को कॉल कर बोला शख्स-एक्टर को मारने के लिए मिले 2 लाख;
- गिरफ्तारी के बाद बताया सच

एक्टर टाइगर श्रॉफ की जान को खतरा है। मुंबई पुलिस को ऐसी खबर मिली थी। दरअसल, पुलिस कंट्रोल रूम में एक अनजान शख्स ने कॉल करके बताया कि उसे एक्टर को मारने के लिए दो लाख रुपए की सुपारी मिली है।

खबर मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फोन करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि फोन पर दी गई सूचना फर्जी थी।

आरोपी मनीष कुमार सुजिंदर सिंह ने खार पुलिस स्टेशन में कॉल करके पुलिस को बताया था कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग टाइगर को मारना चाहते हैं। कंपनी ने उसे टाइगर को मारने के लिए दो लाख की सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ झूठी खबर फैलाने का मामला दर्ज कर लिया है और ज्यादा जानकारी के लिए जांच कर रही है। आरोपी मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है।

पूरी घटनाक्रम पर बात करते हुए डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस निमित गोयल ने बताया कि पुलिस को सोमवार को कॉल आई थी। खबर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। टीम ने आरोपी को पकड़ लिया है और वेरिफिकेशन में खबर झूठी निकली है।



## जाहीर नोटीस

मी खालील सही करणारी, मी सौ गौरीनंदा भगवान भोईर, असे जाहीर करते कि माझे लग्नाच्या पूर्वीचे नाव गौरीनंदा कचरु घुसळे, असे होते आता माझे नाव सौ गौरीनंदा भगवान भोईर या प्रमाणे बरोबर आहे माझ्या शाळेच्या दाखल्यावर माझी जन्म तारीखवरील दि १/१/१९७६ हि चुकीचे असून आताची जन्म तारीख दि १/९/१९७६ या प्रमाणे बरोबर आहे तसेच माझ्या आधार कार्ड आणि पेन कार्ड मध्ये गौर्यनांदा (gourynanda) असे नाव आहे हे नाव चुकीचे आहे आताचे नविन नाव गौरीनंदा भगवान भोईर, (Gourinanda Bhagwan Bhoir) या प्रमाणे बरोबर आहे तरी कोणाला काही हरकत असल्यास त्यानी (१५) दिवसांच्या आत आपली हरकत आक्षेप या पासपोर्ट सेवा केंद्र दोस्ती पिनासल युनिट नं जी - १ प्लॉट नं ३ .७ नं २२ वागळे , इंडस्ट्रीयल इस्टेट ठाणे वेस्ट या पासपोर्ट पत्तावर नोंदवावी नंतर आलेल्या हरकतीची दखल घेतली जाणार नाही यांची सर्वानी नोंद घ्यावी

सही

**सौ गौरीनंदा भगवान भोईर,**

पत्ता - भगवान भोईर चाळ , ए विग - ४०४,- ४ था माळा सांगोडा रोड रेल्वे फाटक जवळ, मांडा टिटवाळा, मांडा टिटवाळा (प) कल्याण. जिल्हा - ठाणे

## आम सूचना

हम श्री राहुल जोगेंदर यादव और अन्य दो जन सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 160 चौ.फुट, रुम नं. 1, बैरक नं. 735, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 25बीओ017272200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लक्ष्मी हरेश ईदनाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 17.11.2022 सी.नं. 352 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री राहुल जोगेंदर यादव और अन्य दो जन**

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
NEWS LIVE Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099